खबर संक्षेप

## दुर्गा चौक खिरहनी में शिविर आज लगेगा

**कटनी।** नगर के अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा जोनवार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सोमवार सोमवार 22 दिसंबर को दुर्गा चौक जोन कार्यालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। निगम प्रशासन द्वारा अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं से शिविर स्थल पहुंचकर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। योजना प्रभारी एवं एनयूएलएम सिटी मिशन मैनेजर यश रजक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत पात्र पथ विक्रेताओं को चरणबद्ध रूप से बिना गारंटी के आसान शर्तों पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रथम चरण में 15 हजार रुपए, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपए तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। यह राशि पथ विक्रेताओं के व्यवसाय को बढ़ाने, सामग्री खरीदने और आय के बेहतर साधन विकसित करने में सहायक साबित हो रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ प्राप्त करने दस्तावेज आवश्यक है।

### शहर में अराजक यातायात व्यवस्था से जाम की समस्या के चलते होती है परेशानी

# सेंट्रल पार्किंग खत्म होने से सुधरे हालात, ई रिक्शा का रूट सिस्टम लागू हो जाए तो मिलेगी बड़ी राहत

शहर में आवागमन की बेपटरी व्यवस्था से लोगों सालों से परेशान है। यह बात अधिकारियों से भी छिपी नहीं है। बैठकों में भले ही सुगम यातायात के लिए कई योजनायें बनाई जाती है लेकिन धरातल पर उनका असर कम ही देखने को मिलता है। अभी बीते दिनों शहर की सेंट्रल पार्किंग व्यवस्था को खत्म करने की पहले से हालात में काफी सुधार हुआ है हालांकि समस्या अभी भी काफी कष्टदायी है। शहर में बढ़ती ई रिक्शा की संख्या एवं चालकों की मनमानी से राहत नहीं मिल पा रही है। पूर्व में रूट सिस्टम लागू करने की योजना को शहर में आज तक लागू नहीं किया जा सका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में अस्थायी अतिक्रमण, फुटपाथी दुकानदारों को सुव्यवस्थित स्थान नहीं मिलने के चलते, अराजक पार्किंग एवं दुकानदारों द्वारा सड़क में सामग्री रखकर कारोबार किये जाने से मुख्य मार्गों में आवागमन अवरोधित होता है। सख्त कार्यवाही नहीं होने चलते लोग मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर में साल दर साल वाहनों की संख्या लगातार बढ़ने से यातायात व्यवस्था में भी दवाब बढ़ता जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहरी क्षेत्र में ही 5 हजार से अधिक ऑटो और साढ़े तीन हजार से अधिक ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। सवारी तिपहिया वाहनों का रूट सिस्टम लागू नहीं होने से मनमाने तरीके से वाहनों का संचालन किया जा रहा है।

वाहनों में ओवरलोड सवारियां बैठाने के बाद कार्यवाही से बचने के लिए एप्रोच मार्गों से निकलने की कवायद करते हैं जिससे अक्सर आवागमन अवरूद्ध होता है।

नगर के रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैण्ड चाहे मुख्य मार्ग, हर जगह सवारी तिपहिया वाहनों की रेलमपेल मची रहती है। इनका वाहन चलाने का तरीका भी बड़ा खतरनाक होता है। सवारी बैठाने एवं उतारने की जल्दबाजी में कहीं से अचानक वाहन रोकना आदत में शुमार है। सबसे विडंबना की बात यह है कि यदि कोई व्यक्ति कुछ कहता है तो ये वाद विवाद पर उतारू हो जाते हैं। जिम्मेदार विभाग नियमों का पालन कराने में गंभीरता दिखाई देते हैं। जिसके चलते नागरिकों को ही इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

मुख्य स्टेशन हो या मुड़वारा, कोतवाली क्षेत्र, दुर्गाचौक क्षेत्र या फिर बस स्टैंड क्षेत्र इन स्थानों में अधिक जाम तब लगता है जब चालक बीच सडक़ ऑटो खड़ा करते हैं। मनमानी जगहों पर अवैध स्टैंड बनाते हैं, दूसरी और तीसरी लाइन में वाहन पार्क कर देते हैं, सवारियां लोडिंग-अनलोडिंग करने में कई मिनट लगा देते हैं, रूट का कोई पालन नहीं, ना ही यातायात पुलिस का नियंत्रण है।



## हेलमेट व सीट बेल्ट सुरक्षा कवच हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में जिले में सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकथाम को लेकर निरन्तर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बड़वारा थाना अंतर्गत जेके व्हाइट सीमेंट कटनी में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि "सड़क पर की गई एक छोटी सी लापरवाही पूरे परिवार की खुशियां छीन सकती है। हेलमेट और सीट बेल्ट कोई औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा कवच हैं। हमें कानून के डर से नहीं, बल्कि अपने और अपने परिवार के प्रति जिम्मेदारी समझकर यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा ने जेके सीमेंट प्लांट के प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि "कार्यस्थल से ही सुरक्षा की शुरुआत होनी चाहिए। यदि कोई कर्मचारी हेलमेट के बिना ड्यूटी पर आता है, तो उसके लिए नो हेलमेट नो अटेंडेंस की नीति को प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि सुरक्षा की आदत विकसित हो।

इस अवसर पर प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों एवं आसपास के नागरिकों को लगभग 500 उच्च गुणवत्ता वाले हेलमेट निःशुल्क वितरित किए गए। कार्यक्रम में एएसपी संतोष डेहरिया, जेके सीमेंट प्लांट के मैनेजर आशीष आसोपा, थाना प्रभारी यातायात राहुल पांडे, थाना प्रभारी बड़वारा उनि के.के. पटेल सहित प्लांट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।अंत में कटनी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि "यातायात नियमों का पालन करें। स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें ।

## आदतन अपराधी का जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने कुम्हार मोहल्ला राबर्ट लाइन निवासी विक्की कोल पिता कैलाश कोल 21 वर्ष के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

विक्की के विरूद्ध थाना माधवनगर में अब तक 12 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें रात्रि में घरों व आवासों का ताला तोड़कर चोरी करना, दुकानों में चोरी करना, लगातार वाहनों की चोरी करना, अवैध वसूली करना व मारपीट करना, अवैध शस्त्र कब्जे में रखना जैसे गम्भीर अपराध शामिल है। अपराधिक रिकार्ड के अनुसार थाना माधवनगर में विक्कीं के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में पेश किये गये है। पुलिस द्वारा विक्की के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यावहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी विक्कीर कोल को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्नाव एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 3 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

## जिले के 11 लाख 78 हजार से अधिक लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण

**कटनी।** शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 78 हजार 205 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 85 फीसदी है।

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक 13 हजार 680 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि जनपद पंचायत बड़वारा अंतिम पायदान पर है। यहां अब तक मात्र में 1 लाख 86 हजार 103 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 922, जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 39 हजार 242 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 91 हजार 882 और जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 73 हजार 967, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 20 हजार 351, नगर परिषद बरही में 12 हजार 780, नगर निगम कटनी में 1 लाख 61 हजार 891 और जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 70 हजार 387 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है।

## फीडबैक के आधार पर बड़वारा थाना को मिली प्रथम रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनसेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार एवं पुलिसिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा की अभिनव पहल के अंतर्गत माह नवंबर 2025 हेतु जिले के समस्त थानों की जनसंतुष्टि आधारित रैंकिंग जारी की गई है। यह रैंकिंग थानों में आने वाले आगंतुकों/फरियादियों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं पर आधारित है, जो आगंतुक रजिस्टर में दर्ज टिप्पणियों एवं डिजिटल स्कैनर के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन फीडबैक के आधार पर संकलित की गई। फीडबैक की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा क्रॉस कॉलिंग भी की गई।□

**मूल्यांकन के प्रमुख बिंदु**
आगंतुकों से व्यवहार एवं संवाद का स्तर▫, समस्याओं की गंभीरता से सुनवाई▫, समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई▫, थाना परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन▫, फीडबैक की सत्यता हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा क्रॉस कॉलिंग माह नवंबर 2025 के शीर्ष 3 रैंकिंग वाले थाने 1 थाना बडवारा आगंतुकः 96 फीडबैकः 61 संतुष्टिः 92.5%, 2 थाना विजयराघवगढ़ – आगंतुकः 98 । फीडबैकः 57 संतुष्टिः 92.33%, 3 थाना कुठला – आगंतुकः 131 फीडबैकः 91 संतुष्टिः 91.83% रही।

**निम्न रैंकिंग वाले थाने-** अजाक थाना – आगंतुकः 3 फीडबैकः 01 संतुष्टिः 71.42% थाना बरही – आगंतुकः 16 फीडबैकः 07 संतुष्टिः 71.42% थाना बहोरीबंद – आगंतुकः 11 फीडबैकः 04 । संतुष्टिः 80.35% रही।

एसपी द्वारा शीर्ष प्रदर्शन करने वाले थानों के प्रभारी अधिकारियों को बधाई दी गई है तथा अन्य थानों को नागरिक संतुष्टि में सुधार हेतु निरंतर एवं प्रभावी प्रयास करने के स्पष्ट निर्देश प्रदान किए गए हैं।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, दो हुए घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग में एक कार खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यह हादसा झुकेही के समीप हुआ। हादसे की वजह कोहरा बताया गया है। जानकारी के अनुसार कार सवार लोग प्रयागराज से लौट रहे थे। सुबह के समय घना कोहरा होने के कारण चालक को आगे खड़ा ट्रक दिखाई नहीं दिया और कार अनियंत्रित होकर उसमें जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। घायलों में महाराष्ट्र के ठाणे (मुंबई) निवासी बादल सिंह और उदय सिंह शामिल हैं, जो मैहर माइन्स में कर्मचारी बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही एनएचआई की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को शासकीय जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों के अनुसार घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।



## विधायक ने सुनी समस्यायें

**स्लीमनाबाद।** विधायक प्रणय पांडेय ग्राम पंचायत कुआँ के एक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में पहुंचें। इसके बाद ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। कुआँ सरपंच अमित साहू व वरिष्ठ समाजसेवी रामसुजान साहू द्वारा विधायक प्रणय पांडेय का शाल, श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग का भी स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य सोमशेखर तिवारी, उपसरपंच राजेश नायक, घनश्याम सिंह, राकेश नायक, पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### आजीविका मिशन के तहत दिया गया 13 दिनी प्रशिक्षण

## महिलाओं को डेयरी एवं जैविक कृषि फार्म का कराया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मध्य प्रदेश शासन ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्व सहायतासमूह की 35 महिलाओं को प्रबंधक पवन कुमार गुप्ता द्वारा कृषि उद्यमी का 13 दिवसीय प्रशिक्षण दिलवाया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए श्याम श्री गौसंरक्षण गौशाला एवं जैविक कृषि फार्म तेवरीका भ्रमण कराया गया। जहां जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा केंचुआ निर्माण की सामान्य एवं चार गड्ढा निर्माण विधि बर्मी वाश के निर्माण एवं फसलों में उपयोग का अवलोकन कराया गया। गौशाला प्रबंधन गाय की विभिन्न नस्ल साहिवाल गिर हरियाणा तथा उनसे





प्राप्त होने वाले दूध की मात्रा संतुलित पशु आहार नेपियर घास गोबरगोमूत्र का जैविक खेती में उपयोग गायों में विभिन्न रोग एवं उनके नियंत्रण तथा टीकाकरण की जानकारी दी गई। महिलाओं को प्रकाश खाद एवं ईंधन प्रयोग के लिए बायोगैस संयंत्र। एजोला निर्माण का अवलोकन कराया गया इसका उपयोग दूध के अधिक उत्पादन के लिए किया जाता है क्योंकि इसमें 25 से 30% प्रोटीन पाया जाता है धान में उपयोग करने से नाइट्रोजन की मात्रा एक तिहाई कम देनी पड़ती है। जैविक सब्जियां तथा फसलों का अवलोकन कराया गया। इसके पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में जैविक बीज उपचार का प्रयोग प्रदर्शन तथा केंचुआखाद बनाने की तकनीकी जानकारीतथा केंचुआ खाद से वार्षिक आय एवं केंचुआ खाद बनाने के लिएकेंचुआ बेड का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के समय प्रशिक्षण समन्वयक अनुपम पांडे तथा फॉर्मकेकर्मचारी तिवारी जी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - कैंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर ।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

**कटनी।** भारतीय गणितीय विरासत को सम्मान देने और छात्राओं में वैदिक गणित के प्रति जागरूकता जगाने के उद्देश्य से शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय गणित दिवस सप्ताह के उपलक्ष्य में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय ₹वैदिक गणित का वैशिष्ट्य₹ रखा गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। राष्ट्रीय गणित दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाया जाता है, और इस अवसर पर वैदिक गणित जैसे प्राचीन भारतीय ज्ञान की विशेषताओं पर चर्चा करना अत्यंत प्रासंगिक था। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. विमला मिंज ने कार्यक्रम का समग्र मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती प्रियंका सोनी तथा कुमारी पूजा सिंह राजपूत ने कुशलतापूर्वक किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अर्पित द्विवेदी उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्राओं को वैदिक गणित की सरलता, तीव्रता और अनोखी विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने वैदिक गणित के 16 सूत्रों का उदाहरण देकर समझाया कि यह प्राचीन विधि जटिल गणनाओं को मानसिक रूप से शीघ्र हल करने में सक्षम है।

### पशुपालकों को मिलेगी पसंद की मुर्रा भैंस, हरियाणा रवाना

**कटनी।** मुख्यमंत्री डेयरी प्लस स्कीम के तहत कटनी के चयनित 8 पशुपालकों को उनकी पसंद की उन्नत मुर्रा नस्ल की दो भैंस प्रति हितग्राही के मान से क्रय करने हेतु करनाल हरियाणा रवाना किया गया है। हितग्राहियों के साथ डॉ साकेत मिश्रा व्हीएएस के नेतृत्व में करनाल में मप्र पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के द्वारा इन हितग्राहियों को दुधारू पशुओं का क्रय कराया जाएगा। बताते चलें कि मुख्यमंत्री प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत यानी दोगुना करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना के तहत सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग के हितग्राहियों को 50 फीसदी एवं आरक्षित वर्ग अनुसूचित जाति, जनजाति के हितग्राहियों को 75 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। जो राज्य में पशुपालन विभाग की योजनाओं में सबसे अधिक अनुदान राशि है। संपूर्ण योजना की लागत राशि 2 लाख 95 हजार रुपए है। जिसमें दो उन्नत नस्ल की मुर्रा भैंसों का क्रय पशुपालकों को एक चिकित्सक के नेतृत्व में पंजाब या हरियाणा राज्य से कराया जा रहा है। योजना में भैंसों का क्रय, पशु पालकों के आने-जाने, खान-पान के साथ-साथ इन पशुओं का परिवहन व्यय एवं बीमा प्रीमियम भी शामिल है।

### पथराड़ी पिपरिया के इमरती नाला में किया बोरी बंधान निर्माण



**स्लीमनाबाद।** विकास खंड बहोरीबंद के सेक्टर 2 के पथराडी पिपरिया के इमरती नाला पर जल संरक्षण के अंतर्गत 70 बोरी का बंधान श्रम दान द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर संस्था पथराडी पिपरिया संस्कार युवा समिति बहोरीबंद एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कल्हैया खुद के तत्वावधान में आयोजित किया गया। ब्लाक समन्वयक अरविन्द शाह द्वारा इस बोरी बंधान कार्य की सहराना की एवं इसके महत्व के बारे में जानकारी दी की। विकासखंड समन्वयक ने कहा कि आसपास के भूजल स्त्रोत में बढ़ोतरी तथा रवि की फसलों में पानी देने के लिए जल की व्यवस्था होगी और जंगल में रहने वाले पशु पक्षी तथा जानवरों के लिए यह जल संरक्षण वरदान साबित होगा। सभी ने जल संरक्षण के नारे के माध्यम से जागरूक किया गया है। इस दौरान सेक्टर प्रभारी मनोज रैदास. कमल सिंह बहादुर सिंह रतेश सिंह सुरेंद्र सिंह परामर्शदाता, राम सिंग पटेल सहित अन्यजनों उपस्थिति रही।

## सीईओ ने टोला के वाशिंदों की सुनी शिकायतें, ग्राम पंचायत को नोटिस जारी

# फर्जी दस्तावेजों एवं रिश्वत लेकर अपात्रों को लाभ दिलाने की शिकायत पर टटोली नब्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा





जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने टोला पहुंचकर शिकायतकर्ताओं की बातों को संवेदनशीलता के साथ सुना। उल्लेखनीय की टोला के निवासियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत सर्वे सूची में नाम नहीं जोड़े जाने और मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार के अलावा पात्र हितग्राहियों को छोड़कर करीबियों, अपात्र हितग्राहियों को रिश्वत लेकर, फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाभान्वित कराया जा रहा है। ऐसे आरोप ग्राम पंचायत के सचिव और ग्राम रोजगार सहायक पर टोला के निवासियों ने लगाए थे। सीईओ श्री कोरी ने ग्राम पंचायत को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए एवं जांच एवं परीक्षण हेतु शिकायत से संबंधित दस्तावेज जनपद पंचायत कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि शीघ्र ही चौपाल लगाकर समस्याओ का यथोचित निराकरण किया जाएगा। इस दौरान जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने सेक्टर सुपरवाइजर मनीष हल्दकार के साथ सत्यापन कार्य का परीक्षण किया।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ कोरी ने बताया कि ग्राम टोला के निवासी राममिलन विश्वकर्मा, संतोष रजक,किरण कोल, अंश कोल, राजेश कोल,रतिराम कोल द्वारा सर्वे सूची में नाम नहीं जोड़े जाने की शिकायत की गई थी।

सीईओ श्री कोरी ने प्राथमिक शाला टोला पहुंचकर छात्र-छात्राओं को परोसे जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को देखा, चखा और परखा। उन्होंने स्वच्छता के साथ निर्धारित मेन्यू के अनुसार समय पर स्वादिष्ट, गरम और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराए जाने के निर्देश सर्व संबंधितों को दिए।

### छात्र-छात्राओं से किया संवाद

जनपद सीईओ श्री कोरी द्वारा छात्र-छात्राओं से कड़ी मेहनत कर पढ़ाई में अब्बल रहने के साथ खेलकूद की गतिविधियों में शामिल होने को कहा। इस दौरान उन्हें कक्षा तीसरी,पांचवी और छठवीं के छात्रों ने बताया गया कि सामान्य विज्ञान, गणित,अंग्रेजी और पर्यावरण की पाठ्य पुस्तक प्राप्त नहीं हुई है। सीईओ ने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तत्परतापूर्वक वांछित कार्यवाही करने को कहा।



# अवैध रेत उत्खनन पर संयुक्त कार्रवाई, चार ट्रैक्टर किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत दतला नदी घाटों में लंबे समय से चल रहे अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। माइनिंग विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश देकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टरों को पकड़कर ज़प्त किय और सिलौड़ी चौकी में सुरक्षार्थ रखा गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया है।जानकारी के अनुसार ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से लंबे समय से अवैध रूप से रेत निकासी की जा रही थी। जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा था।

शिकायतों के बाद यह मामला कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा तक पहुंचा, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर संयुक्त कार्रवाई की योजना बनाई गई। ढीमरखेडा थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि पुलिस द्वारा अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ लगातार दबिश दी जा रही थी, लेकिन पुलिस की भनक लगते ही माफिया मौके से फरार हो जाते थे। बुधवार को माइनिंग इंस्पेक्टर कमलेश परस्ते, पवन कुशवाह के नेतृत्व में माइनिंग विभाग की टीम के साथ टी आई ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के नेतृत्व वाले पुलिस बल ने दतला नदी घाट में अचानक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान दतला घाट, बम्होरी गांव के पास अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए चार ट्रैक्टर पकड़े गए, जिन्हें सिलौड़ी चौकी में लाकर जब्त किया गया। पुलिस और माइनिंग विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई को लेकर आमजन में संतोष देखा जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ आगे भी सख्त अभियान जारी रहेगा।

## जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित किया गया ध्यान शिविर

# स्वस्थ शरीर के लिए ध्यान को नियमित जीवनशैली में शामिल करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृव्य क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन केंद्र शासकीय महावीर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मै 21 दिसंबर रविवार को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में जन अभियान परिषद के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

ध्यान अभ्यास के माध्यम से विद्यार्थियों को यह जानकारी दी गई कि ध्यान करने से आंतरिक शांति, शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि होती है तथा इसे प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के लिए अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए।उपस्थित प्रतिभागियों को ध्यान करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया साथ ही ध्यान से होने वाले शारीरिक के और मानसिक लाभ के बारे में जानकारी दी गई।विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह ने कहा कि प्राचीन काल से ही ध्यान भारतीय दर्शन का एक अभिन्न अंग रहा है!प्राचीन भारत में ध्यान वैदिक में वर्णित एक विशेष अभ्यास के रूप में शुरू हुआ जो आयुर्वेद की व्यापक स्वास्थ्य प्रणाली के साथ सह अस्तित्व में था, वर्तमान परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए स्वस्थ शरीर एवं प्रफुल्लित मन हेतु ध्यान को नियमित तौर से अपनी जीवन शैली में शामिल करने की विशेष आवश्यकता है।

अपने मन की गतिविधियों को शांत करते हुए किसी एक विषय पर निरंतर एकाग्रचित रहने की प्रक्रिया को ही ध्यान कहते हैं। ध्यान में विचारों और भावनाओं को शांत करने हेतु साक्षी भाव का उपयोग करता है तथा अपने अंत मन की गहराइयों से परिचित होते हुए अत्यंत शांति ऊर्जा एवं सकारात्मकता का अनुभव कर सकता है। इस दौरान परामर्शदाता अवधेश प्रसाद बैरागी,राम सिंह पटेल, विनोद सिंह, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

## प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



सांसद खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत विधानसभा बड़वारा के समस्त विद्यालयों के छात्राओं की खेल प्रतियोगिताएं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा के खेल मैदान में आयोजित की गई। खेल महोत्सव में प्रमुख रूप से कबड्डी, वॉलीबॉल, खो खो, रस्साकसी , 100मीटर दौड़ , टेबल टेनिस आदि की प्रतियोगिताएं सम्पन्न कराई गई। अंत में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण पर मार्गदर्शन किया गया। विधायक बड़वारा, पुलिस अधीक्षक , सांसद प्रतिनिधि गौतम, लोकसभा प्रभारी राकेश त्रिपाठी एवं अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में निखिलेश यादव हिमांशु बल्लभ दास हिमांशु गोस्वामी अरविंद तिवारी सरिता शर्मा शीला त्रिपाठी महेंद्र नारायण मिश्रा लाल बहादुर सोनी आदित्य गढ़वाल ज्ञानेंद्र हालदार करण सिंह ठाकुर धनंजय यादव,संजय रावत, संजय कुशवाहा, स्नेहल, विभा अनिल मनीष सुशील निधि आदि का विशेष योगदान रहा। प्रतियोगिताएं शास उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा खेल मैदान में आयोजित की गई।

# कब्जा हटाने के मामले में हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद के ग्राम हरदुआ में कब्रिस्तान को हटाने की कार्रवाई जो प्रशासन के द्वारा की जानी थी, अब उसमें विराम लग गया है। हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है जिसके बाद मुस्लिम समुदाय को राहत मिली। गौरतलब है कि स्लीमनाबाद के हरदुआ में 6 एकड़ से अधिक भूमि जो सैनिक छावनी के नाम दर्ज थी उस पर मुस्लिम समुदाय की कब्र बनी हुई थी जिसपर ग्राम पंचायत व हिंदू संगठनों के द्वारा सैनिक छावनी की भूमि से कब्जा हटाने तहसीलदार, एसडीएम व कलेक्टर को शिकायत सौंपी थी। इसके बाद तहसीलदार के द्वारा उक्त भूमि का सीमांकन कराया गया जिसपर हकीकत सामने आई।

स्लीमनाबाद तहसीलदार के द्वारा 12 दिसंबर 2025 को बेदखली आदेश जारी किया। जारी आदेशानुसार, पटवारी हल्का 14 के खसरा न. 54 की 2.75 हैक्टेयर भूमि सैनिक छावनी मध्यप्रदेश के नाम पर दर्ज है। इसके कुछ भाग में अतिक्रमण को सही पाते हुये बेदखली का आदेश जारी किया गया। मुस्लिम समुदाय पहुँचा हाईकोर्ट -कब्रिस्तान को बचाने मुस्लिम समुदाय हाईकोर्ट पहुँचा।

वरिष्ठ अधिवक्ता नरिंदर पाल सिंह रूपराह ओर अधिवक्ता राहुल चौधरी ने अतिक्रमण हटाने के आदेश का हवाला दिया ओर मामले पर जल्द सुनवाई का निवेदन किया। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ओर जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने 19 दिसंबर को स्लीमनाबाद कब्रिस्तान भूमि पर प्रशासन द्वारा की जाने वाली बेदखली कार्रवाई पर रोक लगा दी ओर हाईकोर्ट ने सरकार को साइट प्लान प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। अगली सुनवाई 8 जनवरी 2025 को होगी। इस मामले पर मध्यप्रदेश सरकार, कटनी कलेक्टर, एसडीएम ओर तहसीलदार को प्रतिवादी बनाया गया है। वे अगली सुनवाई में साइट मैप पेश करेंगे।

## कुठला पुलिस ने की कार्रवाई, 14 दिसंबर को हुई थी घटना

# बंगला टोला में हुये खूनी संघर्ष के 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांग्ला टोला में बीते दिनों दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष के पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने कार्यवाही की।

पुलिस के अनुसार 14 दिसंबर की रात लगभग 10:15 बजे आधारकाप निवासी 40 वर्षीय लूसन निषाद पिता गोपाल निषाद अपनी पत्नी राजकुमारी निषाद के साथ मोटर साइकिल से अपने खेत जा रहा था। जैसे ही वह बंगला टोला बस्ती में पहुँचा, तभी रास्ते में दो व्यक्तियों ने अचानक उसका रास्ता रोक लिया, जिससे मोटर साइकिल सहित लूसन निषाद गिर पड़ा। लूसन निषाद ने उनसे ऐसा करने का कारण पूछा तो दोनों ने माँ बहन की गालियाँ देते हुए हाथ डण्डे से मारपीट करने लगे, मारपीट से लूसन एवं उसकी पत्नी राजकुमारी निषाद को सिर में गम्भीर चोटे आई। घटना की जानकारी लूसन निषाद की पत्नी ने अपने पुत्र को फोन से दी जिस पर पुत्र दिनेश उर्फ नीशू निषाद, आशु निषाद, भतीजा विनोद निषाद, अर्जुन निषाद, करन निषाद एवं भूपेन्द्र ठाकुर सभी मौके पर पहुँचे व बीच वचाव में लग गए। उसी समय आरोपी अमृत लाल कोल, लाला कोल, अरमान कोल एवं अन्य 10 व्यक्ति वहाँ एकत्रित हो गए और सभी ने लाठी, डण्डा, ईंट, पत्थर एवं कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे लूसन निषाद, राजकुमारी निषाद, आशु, विनोद, विकास उर्फ करन निषाद, अर्जुन निषाद, दिनेश निषाद को गम्भीर चोटे आई थी। हमलावरों से बचने के लिए उन्होंने वहाँ से भागकर अपनी जान बचाई। हमलावरों ने मोटर साइकिल को भी लाठी, डण्डे एवं पत्थरों से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया था।

शिकायत पर पुलिस ने अंजाम देने वाले आरोपी लालजी कोल पिता स्व ईश्वर कोल उम्र 45 वर्ष, बरसात उर्फ सुरेश कोल पिता लालजी कोल 18 वर्ष, साजन कोल पिता लालजी कोल 19 वर्ष को विगत 16 दिसंबर 2025 को तथा आरोपीगण अमृत कोल पिता स्व. तेजीलाल कोल 50 वर्ष, लाला उर्फ विवेक कोल पिता बबलू कोल उम्र 22 वर्ष, विकास कोल उर्फ विक्को पिता लालजी कोल उम्र 25 वर्ष, समीर कोल पिता छोटू कोल 20 वर्ष सभी निवासी बंगला एवं 3 अपचारियों सहित सभी आरोपियों को पकड़कर, घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, लाठी, डण्डा जप्त किया।

कार्यवाही में एसआई विनोद सिंह, सौरभ सोनी, सहायक उप निरीक्षक श्यामनारायण सिंह, तीरथ तेकाम, मनसुखलाल साहू, प्रधान आरक्षक रामेश्वर सिंह शामिल रहे।

## ठंड से बचाव के लिए समाजसेवियों ने की अलाव जलाने की व्यवस्था

# अस्पताल परिसर, रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैण्ड में अलाव से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा





उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरे प्रदेश सहित कटनी जिले में भी कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। जिले का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुँच जाने के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस कड़ाके की ठंड में आम जनमानस और मुसाफिरों को राहत देने के लिए 'समाज सेवा विकास संस्था' की टीम एक बार फिर आगे आई है। शनिवार को संस्था के सदस्यों ने बड़वारा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कराई।

### यहां कराई गई व्यवस्था

राहगीरों और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संस्था ने योजनाबद्ध तरीके से लकड़ियों का इंतजाम किया। समाजसेवियों ने मुख्य रूप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यहाँ रात के समय आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को ठंड से बड़ी राहत मिलेगी। रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में ठिठुरते हुए यात्रियों को यह अलाव राहत देगा।

बड़वारा थाना परिसर व लोक सेवा केंद्र में अपने कार्यों से आने वाले ग्रामीणों को ठंड से बचने का सहारा मिलेगा रूपोंद रोड़ बास्टेण्ड में आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए भी अलग-अलग पॉइंट पर लकड़यों का ढेर रखकर अलाव जलाए गे संस्था की ओर से समाजसेवी पूजा सिंह ने बताया कि समाज सेवा विकास संस्था' का मुख्य उद्देश्य ही जनसेवा है। उन्होंने कहा पारा गिरने के कारण लोग ठिठुरने को मजबूर हैं। हमारी टीम ने पूर्व में भी अलाव की व्यवस्था की थी और वर्तमान स्थितियों को देखते हुए आज पुनः अस्पताल, रेलवे स्टेशन, थाना परिसर और बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में अलाव जलाए गए हैं। आने वाले दिनों में यदि ठंड और बढ़ती है, तो संस्था इस अभियान को और विस्तार देगी। लोगों ने समाजसेवियों की इस पहल की सराहना की है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन के साथ-साथ जब सामाजिक संस्थाएं इस तरह की जिम्मेदारी उठाती हैं, तो बेसहारा और राहगीरों को विषम परिस्थितियों में संबल मिलता है। अलाव जलने से न केवल ठंड से राहत मिली, बल्कि देर शाम बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सन्नाटे के बीच लोग अलाव के इर्द-गिर्द राहत महसूस करते नजर आए।

इस दौरान फिजा बी,बबिता सिंह, राजेश नंदनी रजक,पूजा सिंह ,प्रभा सेन,सुधा पाठकर,मैना सिंह, राजाराम पटेल,शिधार्थ जाटव, रामचरण सिंह की मौजूदगी रही।

# शराब दुकान संचालन में मनमानी पर जांच करने पहुंचे आबकारी अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



ग्राम खितौली में एक ही लाइसेंस से दो जगह पर शराब दुकान संचालित होने, रेट सूची चस्पा ना होने एवं हर गांव में अवैध पैकारी करने की शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष खितौली मनोज तिवारी ने पुलिस चौकी प्रभारी खितौली को लिखित शिकायत एवं जन सुनवाई में कलेक्टर को भी शिकायत पत्र सौंपा जिसको गम्भीरता से लेते हुए कलेक्टर ने आबकारी विभाग को जांच करने को कहा। आबकारी अधिकारी बरकडे खितौली पहुंच कर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं उनके साथियों से सम्पर्क किया। मनोज तिवारी ने बताया कि अवैध रूप से गांव-गांव पैकारी संचालित है। खितौली शराब दुकान में ठेकेदार द्वारा रेट सूची चस्पा नहीं की गई मनमाने दाम पर शराब बेची जा रही है। पुरानी शराब दुकान खितौली में अवैध पैकारी चल रही है। प्रतिदिन ठेकेदार के गुर्गे टू-व्हीलर से सुबह से शराब लेकर गांव गांव पहुंचाते हैं।

शराब के कारण गांवों का माहौल ख़राब हो रहा है जिस पर आबकारी अधिकारी बरकडे ने हिदायत देते हुए कहा कि एक सप्ताह का समय दिया जाता है शिकायत में सुधार नहीं हुआ तो कार्यवाही की जाएगी।

मनोज तिवारी ने कहा कि अगर शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया तो सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में प्रदर्शन किया जाएगा।

महगुँवा खुर्द ग्राम पंचायत का मामला

# निस्तारी तालाब से सिंचाई पर रोक नहीं लगी तो गहराएगा जल संकट, गर्मियों में होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत महगुँवा खुर्द के ग्राम महगुँवा एवं रोसरा में स्थित निस्तारी तालाब से विद्युत पंपो एवं डीजल पंपो से लगातार हो रही सिंचाई के कारण आने वाले समय में भीषण जल संकट उत्पन्न होने की आशंका गहराने लगी है। यह तालाब मुख्य रूप से ग्रामवासियों के निस्तार अर्थात दैनिक उपयोग जैसे पीने, नहाने, पशुओं के उपयोग एवं घरेलू जरूरतों के लिए आरक्षित है, लेकिन वर्तमान में इससे अवैध रूप से खेतों की सिंचाई की जा रही है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि इसी प्रकार तालाब का पानी सिंचाई में उपयोग होता रहा तो गर्मी के मौसम में निस्तार के लिए पानी की भारी किल्लत हो जाएगी। इससे आमजन को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पानी की कमी का सीधा असर महिलाओं, बच्चों और पशुपालकों पर पड़ेगा। लगभग दोनों ग्राम में 2000 गाय भैंस हैं जो यहीं से पानी पीती हैं इस गंभीर स्थिति को लेकर महगुँवा एवं रोसरा के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम कार्यालय कार्यालय तेंदूखेड़ा को लिखित आवेदन लगभग एक माह पहले सौंपा था। जिसकी पावती भी उन लोगों को नहीं दी गई आवेदन में तालाब से हो रही सिंचाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस विषय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामवासी बाली यादव, रामलाल चक्रवर्ती, शोभा, प्रेमलाल, उमेश एवं नारायण यादव ने बताया कि निस्तारी तालाब ग्राम की जीवनरेखा है। यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया तो भविष्य में निस्तार के पानी के लिए ग्रामीणों को इधर-उधर भटकना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले महीनों में निस्तार के लिए पानी के लाले पड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि निस्तार जलस्त्रोतों के संरक्षण की जिम्मेदारी पंचायत पर ही आती है और यदि समस्या बढ़ती है तो पंचायत को ही जवाबदेह ठहराया जाता है। इसलिए समय रहते प्रशासन को इस विषय में हस्तक्षेप करना चाहिए,ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि निस्तारी तालाब से सिंचाई पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में जल संकट से बचा जा सके और ग्रामवासियों की मूलभूत जरूरतें प्रभावित न हों।

**इनका कहना है**

इस संबंध में ग्राम पंचायत सचिव राजेश तिवारी ने भी माना कि निस्तार तालाब से पानी लिए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। इसके बाद पंचायत द्वारा तीन बार गांव में मुनादी कराई गई लेकिन कोई नहीं मान रहा है।

**इनका कहना है**

एसडीएम सौरव गंधर्व ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है मेरे संज्ञान में बात आई है मैं शीघ्र ही निस्तारी तालाब से हो रही सिंचाई को बंद कराता हूं, साथ ही चल रही मोटरों की जप्ती की कार्रवाई है।

# युगऋषि की आध्यात्मिक साधना की जन्म शताब्दी मनाने हुई कार्यकर्ताओं की बैठक



**हटा।** मातृशक्ति जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप तथा परम पूज्य गुरुदेव की आध्यात्मिक साधना 1926 -2026 के सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन की सफलता हेतु अनुयाज के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ में एक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भावसिंह जी लोधी जिला अध्यक्ष लोधी समाज, उमा देवी खटीक विधायक हटा, श्री गंगाराम पटेल जनपद पंचायत अध्यक्ष, पी एल तंतुवाय पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बी पी गर्ग जिला संयोजक ने अश्वमेध यज्ञ की रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि हटा को उपकाशी की संज्ञा दी गई है यहां पर परम पूज्य गुरुदेव के चरण दो बार पढ चुके है।पंकज हर्ष श्रीवास्तव व्यवस्थापक गायत्री शक्तिपीठ दमोह ने जन्मशताब्दी वर्ष में कार्यकर्ताओं के उत्तरदायित्व एवं आचार्य संहिता के बारे में जानकारी दी। प्रज्ञा पुत्र डॉ सी एल नेमा ने आगामी समय में हटा में 1008 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ ( अश्वमेध) हेतु अनुष्ठान ही साधना का यज्ञ बनेगा इस यज्ञ के लिए उन्होंने तन मन धन से पूरा सहयोग करने की बात कही। पंडित मदन गोपाल दुबे ने गायत्री शक्तिपीठ का तीन माह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। गंगाराम पटेल ने पूरे कार्यक्रम को प्लास्टिक मुक्त करने की बात कही । पटेरा बटियागढ़ सहित हटा के 250 परिजन कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित हुए। इस अवसर पर 125 मंत्र लेखन की पुस्तकों को लिखने वाले श्याम लाल नामदेव का स्वागत किया गया । संचालन पंडित दिनेश दुबे एवं आभार सहायक प्रबंधक ट्रस्टी हरिनारायण चौरसिया ने किया।

## पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं निवारण शिविर का आयोजन



**रनेह।** दमोह कलेक्टर के निर्देशन में पशुपालन विभाग द्वारा जिले के दूर दराज के गांव बंधा में उपसंचालक महोदय की उपस्थिति में बाँझता निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें पशुपालकों द्वारा भारी संख्या में उपस्थित हो कर पशु स्वस्थ पोषण आहार कृत्रिम गर्भाधान दुग्ध उत्पादन बढ़ाने जैसे पशुपालन की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और और क्षेत्र में दुग्ध का उत्पादन बढ़ सके पशुओं के लिए निःशुल्क औषधि प्रदान की गई। शिविर में उपसंचालक दमोह बी के आसाटी आत्मानंद मिश्रा, शिक्षा लोधी, राशि असाटी एवं स्टाफ की उपस्थिति रही।

## दादपुर में डीपीएल-7 का हुआ शुभारंभ



**हटा।** विकासखंड के दादपुर में सरदार पटेल खेल परिसर में स्व. श्री गंगाराम पटैल की पुण्य स्मृति में आयोजक मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल व उनकी टीम के सहयोग से रविवार को डीपीएल-7 (दादपुर प्रीमियर लीग) का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन मुकाबला छतरपुर बनाम पवई के बीच 15-15 ओवर का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए छतरपुर ने 145 रनों का मजबूत लक्ष्य रखा। जवाब में पवई की टीम 123 रनों पर सिमट गई और छतरपुर ने मुकाबला 22 रनों से जीत लिया। छतरपुर की ओर से चुनमुन पंडित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 19 रन बनाए और 4 विकेट झटके। उनके उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में बहादुर पटैल, राधिका पटैल, कृष्ण प्रताप सिंह, लक्ष्मण तिवारी, रणधीर दहिया, मुकेश पटैल, संतु पटैल, मायाराम पटैल और जितेंद्र चौरसिया सहित कई गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## कांग्रेस नेता ने ली भाजपा की सदस्यता



**दमोह।** पथरिया पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और विकास की गति को देखकर पथरिया के विधायक और मप्र सरकार में मंत्री लखन पटेल के समक्ष कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद सोमनाथ कुशवाहा के साथ बद्री कुशवाहा केवलारी युवा ब्लॉक अध्यक्ष कुशवाहा समाज बालकिशन कुशवाहा ने सदस्यता ग्रहण की। पूर्व में 7 न. से पार्षद हेमराज लडिया, 5 न. से पार्षद प्रभु अहिरवार पहले ही सदस्यता ले चुके है। इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता सुकई दाऊ, मंडल अध्यक्ष श्री रमेश कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ब्रजेश पटेल, मूलचंद कुशवाहा, नरेंद्र सराफ, योगेश चौधरी, देवेंद्र बाकडा, प्रीतम पटेल, विशाल पटेल झब्बूं सिंह, टीकाराम पटेल, सुनील अहिरवार जी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।

## संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मैदान निर्माण कार्य शुरू



**हिंडोरिया।** नगर के बगिया के मैदान पर 24 से 25 दिसंबर तक होने वाले स्वर्गीय जी० पी० चौबे स्मृति संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, टूर्नामेंट में लगभग 26 टीमें भाग ले रही हैं। इसका समापन 25 तारीख को होगा। ग्राउंड बनाने के लिए प्लेयर रात दिन कड़ी मेहनत कर मैदान को सजा सवार रहे हैं। फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह एवं उपाध्यक्ष सुधांशु चौबे ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए ट्रैक्टर, ट्रॉली, जेसीबी मशीन के द्वारा मिट्टी डालकर मैदान तैयार किया जा रहा है। जिस तरह से खेल ग्राउंड को तैयार किया जा रहा है, उससे आने वाले समय में यहां पर खेलने वाले खिलाड़ियों को काफी फायदा होगा। यहां पर खेल मैदान में जो थोड़ी बहुत कमी हो रही है उसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा, इसके साथ ही खेल मैदान पर रात्रि कालीन मैचों एवं अभ्यास करने के लिए खंबे पर हैलोजन लगाकर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही क्लब के खिलाड़ियों द्वारा मैदान के कंकड़ पत्थरों को निकाल कर उसे साफ-सुथरा बनाए जा रहा है। इसके बाद पानी से सींच कर उस पर रोलर को चलाकर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा खेल मैदान बनाने के दौरान कोच रूपचंद चौरसिया,धर्मेंद्र चौरसिया,अक्षय चौबे,दीपक नेम, राज वर्मा,दिव्यांश तिवारी, करन श्रीवास्तव,हर्षित रैकवार,विनय चौरसिया,लखन सजल,गोलू आदि का विशेषसहयोग रहा।

## जीडी पटेल बने पेंशनर्स समाज तहसील अध्यक्ष



**तेंदूखेड़ा।** पेंशनर्स समाज के जिला अध्यक्ष आर.के. मिश्रा द्वारा पेंशनर्स समाज के संविधान प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जी.डी. पटेल सेवानिवृत्त कृषि विस्तार अधिकारी को तहसील तेंदूखेड़ा का तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर 17 दिसंबर को पेंशनर्स डे के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 1000 पेंशनर्स की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज के प्रदेश अध्यक्ष डी.पी. दुबे द्वारा नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष श्री पटेल का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया गया। जी.डी. पटेल को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर रमेश तिवारी, राजेन्द्र गिरी गोस्वामी, एम.पी. यादव, जे.पी. खरे, सेवानिवृत्त शिक्षक आर.डी. मौर्य, पी.एल. पटेल, के.आर. सोनी, खिलान सिंह ठाकुर, गिरजा शंकर यादव, के.सी. सेन, कुसुम लाल अहिरवार, बाबूलाल सेन, सेवानिवृत्त पटवारी राकेश दुबे सहित पेंशनर्स समाज के समस्त सदस्यों एवं नगरवासियों ने शुभकामनाएँ दी है।

## असाटी महिला समिति ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ



**दमोह।** असाटी महिला समिति की जारी सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला आगे बढ़ते हुए आयोजन का सौभाग्य श्रीमती शैलजा प्रसून असाटी को प्राप्त हुआ.आज उनके बेटे का जन्मदिन भी था. इस पावन अवसर पर समाज की सभी महिलाओं ने पूरी श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ उपस्थित रही. जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत दिव्य शांतिपूर्ण और आनंदमय बन गया. कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम दरबार के समक्ष पूजा अर्चना से हुआ. इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने अपने हृदय पूर्ण भक्ति भाव से भगवान श्री राम की आराधना की और उनके प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए. यह सामाजिक सत्संग आध्यात्मिक वातावरण को प्रकट कर रही थी. असाटी महिला मंडल का आपसी एकता व संगठन का जीता जागता उदाहरण प्रभु श्री हनुमान जी की कृपा स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रही थी. तत्पश्चात सुंदरकांड का आरंभ हुआ, श्री हनुमान जी की महिमा का यह अद्भुत पाठ सभी के हृदयो में उत्साह साहस और सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर रहा था.सुंदरकांड के बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ. वहीं श्रीमती शैलजा असाटी के द्वारा महिला समिति को कॉर्डलेस (माइक) सहयोग स्वरूप प्रदान किया. कार्यक्रम अपनी सुंदरता के साथ आगे बढ़ रहा था. सभी बहनों ने हनुमान लला की सामूहिक आरती की आयोजन के द्वारा प्रसाद वितरण कर जलपान कराया गया। वहीं दूसरी ओर 2025 चुनाव अखिल भारतीय असाटी महासभा में युवा अध्यक्ष के प्रत्याश कुलदीप व लोकल समिति के पदाधिकारी भी सुंदरकांड में उपस्थित हुए कुलदीप भैया ने समाज सेवा व समाज विकास हेतु अपने विचार मातृशक्ति के समक्ष व्यक्त किए।

## ग्राम घाना मैली में लगा पशु स्वास्थ्य एवं बांझता निवारण कैम्प



**जबेरा।** जिला कलेक्टर सुधीर कुमार के निर्देशन में पशुपालन एवं डेयरी विभाग की ओर से जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम घाना मैली में रविवार को पशु स्वास्थ्य एवं बाँझता निवारण कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें पशु चिकित्सालय विभाग जबेरा की ओर से डॉ पंकज चौबे डॉ. श्रीकांत पटेल, नीतेश अहिरवल तथा गौमैत्री सौरभ दुबे आदि ने पशुपालकों से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान पर चर्चा चर्चा करते हुए पशु स्वास्थ्य का निरीक्षण एवं उपचार कर पशुओं के नस्ल सुधार पर संवाद किया। कैम्प के पश्चात अभियान का वेरिफिकेशन किया गया। साथ ही गांव में यह सूचना भी प्रदान की गई कि 21 दिन बाद पुनः कैम्प आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर अनेकों पशुपालकों की उपस्थिति रही।

## भारतीय किसान संघ ने आयोजित किया प्रशिक्षण वर्ग



**जबेरा।** भारतीय किसान संघ महाकौशल प्रांत जिला दमोह के तहसील जबेरा में एक दिवसीय तहसील प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन ग्राम पंचायत सिमरी जालम सिंह में किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय किसान संघ के प्रांतीय सदस्य रमेश यादव, जिला अध्यक्ष श्रीराम पटेल, जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, जिला युवा संयोजक राजकुमार सिंह, नगर अध्यक्ष संदीप दुबे, जिला उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत, जिला पदाधिकारी मनीष सिंघई, तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, तहसील मंत्री निजाम सिंह, संवाद प्रमुख प्रवीण कुमार दुबे, तहसील पदाधिकारी हाकम सिंह, भूरा सिंह, अशोक सिंह, मेघराज सिंह, ग्राम समितियों में चंडी चौपरा से राजा जैन, पटी महराज सिंह से सुल्तान सिंह, रमपुरा से भान सिंह,मझगुआ से मथुरा राय, सिमरी से मेघराज सिंह, प्रताप सिंह, परम सेन, सुल्तान सिंह, हिनौती से चैन सिंह,बगलवारा से अशोक सिंह, छोटू सिंह, केवलारी से जगत सिंह,जिला सचिव वनवासी कल्याण परिषद सुंदर सिंह विश्व हिंदू परिषद से प्रखंड मंत्री राजकुमार रजक, प्रखंड उपाध्याय राजू लोधी, मातृशक्ति जो विश्व हिंदू परिषद के दायित्व में है भारती लोधी, सुनीता लोधी मालती यादव के साथ बड़ी संख्या में किसान भाइयों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण वर्ग के आरंभ में तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने संघ के ध्वज को लगाया। इसके पश्चात दत्तोपंत ठेंगड़ी जी, भगवान बलराम एवं भारत माता के छायाचित्रों पर तिलक वंदन एवं माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पदाधिकारियों ने तिलक वंदन किया। इसके बाद बैठक में उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया गया तदोपरांत उपस्थित सभी का परिचय हुआ, तत्पश्चात में पहले सत्र में जिला अध्यक्ष श्रीराम पटेल ने दत्तोपंत ठेंगड़ी जी के जीवन परिचय पर विस्तार से बताया, दूसरे सत्र में जिला मंत्री मयंक श्रीवास्तव ने भारतीय किसान संघ की अवधारणा एवं कार्य पद्धति जिसमें किसान संघ की संगठनात्मक, रचनात्मक, आंदोलनात्मक कार्यपद्धति के विषय में किसानों को समझाया तीसरे सत्र में नगर अध्यक्ष संदीप दुबे ने भारतीय किसान के चार उत्सव जिसमें स्थापना दिवस, बलराम जयंती गो माता पूजन और 26 जनवरी को भारत माता पूजन का उत्सव का तरीका एवं महत्व पर चर्चा की। चौथे सत्र में युवा संयोजक राजकुमार सिंह ने ग्राम समिति के नियमित कार्यों के विषय में विस्तार से बताया इस सत्र के उपरांत ही गक्कड़ भर्ता भोजन सभी ने ग्रहण किया भोजन उपरांत अंतिम सत्र में उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह राजपूत ने भारतीय किसान संघ की रीति नीति से अवगत कराया समापन सत्र में उपस्थित प्रांतीय सदस्य रमेश यादव ने अपने शब्दों में उपस्थित सभी सदस्यों में एक नई ऊर्जा का संचार कर दिया, ग्राम समिति ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है भारतीय किसान संघ की मुख्य ताकत ग्राम समिति होती है अतः उन्होंने ग्राम समिति में नियमित बैठक करने की जानकारी दी, इसके साथ ही प्रशिक्षण वर्ग में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के अनुज नितेंद्र सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण वर्ग में आए हुए किसान बंधु एवं कार्यकर्ताओं से किसान संघ के सभी कार्यक्रमों में भागीदारी लेने का आग्रह किया एवं उपस्थित सभी का आभार व्यक्त किया।

## स्टार इलेवन हिण्डोरिया ने जिला स्तरीय क्रिकेट ट्रॉफी हथियाई

**सीरिज प्रशांत एवं मैन ऑफ दा मैच मख्खन को मिला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

ग्राम पंचायत बलारपुर में सिद्ध बाबा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला स्टार इलेवन हिंडोरिया की टीम ने जरुआ (हिनौता) की टीम को 51 रनों से हराकर जीत लिया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच मक्खन विश्वकर्मा को मिला। वहीं मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से हिंडोरिया टीम के कप्तान प्रशांत सिंह राजपूत को नवाज गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए हिण्डोरिया की टीम ने निर्धारित 16 ओवर में सभी 10 विकेट होकर 150 रन बनाए। जबाब मे जरूआ की टीम मात्र 99 रन ही बना सकी। हिण्डोरिया टीम के मख्खन विश्वकर्मा, इकबाल चौहान, रवि गन्धर्व, सादिक खान, सतीश विश्वकर्मा, प्रशांत राजपूत, मौसम सिंह, शिवम, एमएस शेरा, राघवेन्द्र, नफरत चौहान आदि का खेल सराहनीय रहा। मैच के अंत मे विजेता टीम को 11 हजार रूपया ,कप मेडल एवं उप विजेता टीम को 05 हजार रूपया, कप, मेडल आदि से अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया। मैच मे अम्पायर भूपत सिंह, जिनेन्द्र यादव स्कोरर प्रेम सिंह आदिवासी, कामेंट्री सुजात खान, सीताराम यादव, अजय यादव ने की। इस मौके पर अभिलाष हजारी, संजू यादव, संतोष रोहित, पप्पू सिंह, श्रीकांत गुप्ता, बाबूलाल यादव, दरयाव सिंह, पवन, नन्हे, हेमराज आदि बतौर अतिथि मौजूद रहे।

## विहिप बजरंग दल प्रखण्ड की हुई बैठक



**तेन्दूखेड़ा।** रविवार को नगर की खेरमाई मंदिर परिसर में विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल की प्रखण्ड बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अजय खत्री,बजरंग दल जिला संयोजक श्रीमान गोलू चौबे, जिला सामाजिक समरसता प्रमुख भूपेन्द्र सोनी एवं तेन्दूखेड़ा प्रखण्ड पालक जिला सहमंत्री सचिन लकी गांगरा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में प्रखण्ड अध्यक्ष विदित सिंह तौमर प्रखण्ड संयोजक तेजी सिंह लोधी ने युवा सम्मेलन एवं हिन्दू सम्मेलनों की भव्यता हेतु रचना योजना भी सबके समक्ष रखी प्रखण्ड मंत्री उदय सेन द्वारा व्यापक गृह संपर्क अभियान में अभी तक कितने परिवारों में संपर्क किया गया वृत्त दिया गया । जिलाध्यक्ष अजय खत्री द्वारा धर्मरक्षा निधि संग्रह योजना की विस्तार से चर्चा कर मार्गदर्शन किया गया। बैठक में मनीष राजेश लक्ष्मण, परषोत्तम रजक, आशीष, रुपेश, मुकेश रूप सिंह, रघु सहित तारादेही, समनापुर, सातापेरी क्वेलारी, तेजगढ़, पांजी खमरिया, अजीतपुर, बम्हौरी, हरई, भौंडी, बादीपुरा, रामदेही, दरौली के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### राज्यमंत्री लखन पटेल ने स्वदेशी संकल्प की शपथ दिलाई

दमोह। अगर कोई वस्तु स्वदेशी होगी, तो उसका जो भी फ़ायदा होगा, बचत होगी, वह हमारे देश में रहेगी और हमारे देश में अगर वह बचत रहेगी, तो हमारे यहाँ सड़क बनेगी, पुलिया बनेगी, यहाँ पानी आएगा, आँगनवाड़ी बनेगी, स्कूल बनेंगे। यह बात प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने स्वदेशी संकल्प यात्रा प्रवास के दौरान, बटियागढ़ के ग्राम कुम्हरवार में स्वदेशी एवं स्वावलंबन के विषय में जन समुदाय को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा अगर बाहर की वस्तु होगी, तो वह अपनी वस्तु बेचेगे और पैसा लेकर अपने देश निकल जायेगें, पैसा अपने देश का जाएगा। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, राकेश अग्रवाल, डॉ सोनल राय , बृजेंद्र राठौर डॉ प्रिया श्रीवास्तव, रितु अग्रवाल ,उधम सिंह, संजय खरे , अनिल खरे, देवेश श्रीवास्तव, प्रमोद बजाज, जुगल अग्रवाल सहित केट के अन्य पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व संगठन के कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

दमोह। बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के तत्वाधान में आज रविवार 21 दिसंबर को नरसिंहगढ़ में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एन के हॉस्पिटल एंड क्लिनिक के डायरेक्टर एवं वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मयंक प्यासी द्वारा 180 मरीजों की नेत्र संबंधी जांच की गई। जिसमें से 35 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। वहीं डॉ. बहादुर सिंह ठाकुर एमडी मेडिसिन ने 160 मरीजों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श किया। इस प्रकार शिविर में कुल 340 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

### मंगोला में हत्या के मामले में 6 आरोपियों पर मामला दर्ज

## हत्या के मामले में उचित कार्यवाही न होने से परिजनों ने किया प्रदर्शन



बटियागढ़। बटियागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मगोला में 20 दिसंबर की शाम दो पक्षों के बीच हुए विवाद में 38 वर्षीय देवसिंह लोधी की हत्या हो गई। घायल अवस्था में देवसिंह को बटियागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस पर समय पर व सही कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। घटना के लगभग 18 घंटे बीत जाने के बाद भी परिजनों की मांग के अनुरूप कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित परिजनों ने बटियागढ़ बायपास स्थित दमोह–छतरपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जिससे करीब 2 घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर पथरिया एसडीओ प्रिया सिंधी मौके पर पहुँचीं और परिजनों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग के अनुसार 6 आरोपियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद लगभग दो घंटे से अधिक समय पश्चात मार्ग पर यातायात पुनः सुचारू हो सका। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मृतक और आरोपियों के बीच पुरानी रंजिश थी, वहीं हाल ही में मोबाइल पर बातचीत को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते विश्वकर्मा परिवार के सदस्यों ने चाकू से हमला कर देवसिंह लोधी की हत्या कर दी।

पुलिस ने आरोपियों श्रीराम विश्वकर्मा, गुटई विश्वकर्मा, बद्री विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, प्रीति विश्वकर्मा एवं नन्नू विश्वकर्मा के विरुद्ध धारा 103(1) सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 13 केरवाना से राव बृजेंद्र सिंह भी मृतक परिवार के साथ मौजूद रहे और पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

## गौपुरा में अवैध शराब के खिलाफ फूटा आक्रोश, महिला से छेड़छाड़ के आरोपी पर कार्रवाई व शराब बंदी की मांग



दमोह। रविवार सुबह करीब 11 बजे गौपुरा सहित आसपास के रहवासी एकजुट होकर सागर नाका चौकी पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने और महिला से छेड़छाड़ के आरोपी के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि गौपुरा में कतिपय लोगो द्वारा खुलेआम अवैध शराब का विक्रय किया जा रहा है। इसके चलते क्षेत्र में शराब पीकर मारपीट, लूटपाट और अन्य हिंसक घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। रहवासियों के अनुसार हालात ऐसे हो गए हैं कि महिलाओं और युवतियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है और उन्हें रोजाना भय व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने मौके पर मौजूद सागर नाका चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। आवेदन में अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने, शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने और महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो रहवासी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। चौकी प्रभारी ने प्रदर्शनकारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस पर दबाव बढ़ गया है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## 30 किमी दूर परीक्षा देने को मजबूर छात्र सिंग्रामपुर में बोर्ड केंद्र की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर





जबेरा विकासखंड के सिंग्रामपुर स्थित रानी दुर्गावती शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षा केंद्र न होने से ग्रामीण अंचल के छात्र-छात्राओं की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आलम यह है कि करीब 20 गांवों के विद्यार्थियों को हर साल 30 किलोमीटर दूर जबेरा जाकर परीक्षा देनी पड़ती है। साधनों के अभाव, खराब सड़कों और आर्थिक तंगी के कारण कई छात्र परीक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसी गंभीर समस्या को लेकर विद्यार्थियों ने वर्ष 2025–26 के लिए परीक्षा केंद्र सिंग्रामपुर में ही बनाए जाने की मांग उठाई है। क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी को छात्र-छात्राओं ने लिखित आवेदन सौंपकर अपनी पीड़ा रखी। छात्रों ने मंत्री को बताया कि परीक्षा केंद्र की दूरी अब केवल असुविधा नहीं, बल्कि जान का खतरा बन चुकी है। छात्र अनिकेत विश्वकर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष जब वह साथियों के साथ टू-व्हीलर से जबेरा परीक्षा देने जा रहे थे, तभी रास्ते में गंभीर सड़क हादसा हो गया। हालत इतनी नाजुक थी कि उन्हें जबलपुर में लगभग चार माह तक इलाज कराना पड़ा और वह परीक्षा नहीं दे सके। यह घटना पूरे क्षेत्र के छात्रों के लिए डर का कारण बन गई। छात्र ऋषभ, जय और शुभराज ने कहा कि इस बार सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया है कि सिंग्रामपुर में परीक्षा केंद्र बनाए बिना वे चुप नहीं बैठेंगे। इसी क्रम में राज्य मंत्री को आवेदन दिया गया है और आगे कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय विधायक और संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने मौके पर ही जिला शिक्षा अधिकारी से फोन पर चर्चा की और आवश्यक जानकारी ली। मंत्री ने छात्रों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को माध्यमिक शिक्षा मंडल और शिक्षा मंत्री तक पहुंचाकर समाधान का प्रयास किया जाएगा। इधर, ग्रामवासियों ने भी एक स्वर में परीक्षा केंद्र सिंग्रामपुर में बनाए जाने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि अलोनी, चोरई, कल्लूमर, जमुनिया, गुबरा, सहसना, राम सलैया, पिपरिया सहित लगभग 20 गांवों के बच्चे सिंग्रामपुर में पढ़ाई करते हैं, लेकिन परीक्षा के समय जबेरा जाना उनकी क्षमता से बाहर हो जाता है। ग्रामीणों ने शासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि यदि समय रहते सिंग्रामपुर में बोर्ड परीक्षा केंद्र नहीं बनाया गया, तो इसका सीधा असर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा और भविष्य पर पड़ेगा। अब सभी की निगाहें शासन के निर्णय पर टिकी हैं।

### संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष का होगा नरसिंहगढ़ आगमन

दमोह। परमहंस योगीराज धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशन में समाज को नशा मुक्ति, मांसाहारमुक्त एवं चरित्रवान चेतनावन बनाने हेतु अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ आरती एवं महाआरती के माध्यम से परिवर्तन किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में दमोह जिला के पथरिया ब्लॉक ग्राम नरसिंहगढ़ में जिला स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन दिनांक 21.12.2025 से प्रारंभ होकर 22.12.2025 को दोपहर 12 बजे समापन किया गया हैं। जिसकी समापन की बेला में भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन पूजा दीदी का शुभ आगमन होगा। अतः समस्त जाति धर्म संप्रदाय के लोगों को सादर आमंत्रण किया जाता है कि उक्त धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर युग परिवर्तन के कार्य में सम्मिलित होकर अपना सौभाग्य बनाएं जय माता की जय गुरुवर की।

## लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही भाजपा- मानक पटेल.



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा योजना से राष्ट्रपति महात्मा गांधी का नाम बदल कर जी राम जी करने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अम्बेडकर चौक के पास विशाल धरना प्रर्दशन आयोजित किया गया। धरना को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक पटेल से कहा कि भाजपा आर.एस.एस. के इशारे पर गांधी वादी विचार धारा को बदलना चाहती है किंतु उनके मंसूबे सफल नहीं होगे वह श्री राम नाम को हर जगह प्रयारित कर लोगों की धार्मिक भावनाओ को ठगना चाहती है किंतु महात्मा गांधी जी ने तो मरते समय भी हे राम कहा था। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि बापू ने एक धोती के दम पर जिन्होनें देश आजाद कराया वहीं दस लाख का सूट पहनकर वर्तमान पीएम देश की कायापलट करने में लगे हुए है। पूर्व जिलाध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा ने कहा कि केन्द्र सरकार पहले मनरेगा पर 90 प्रतिशत बजट देती थी किंतु अब वह 60 प्रतिशत और राज्यो को 40 प्रति देना पड़ेगा। तेजीराम रोहित, वीरेन्द्र दबे, संजय चौरसिया, लक्ष्मण सींग, रजनी ठाकुर, परम यादव, लालचंद राय, कमला निषाद, भूपेन्द्र आजवानी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, उवेद गौरी, अमर सींग, मुख्तार जाफरी, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव, योगेश पटेल, रियाज खान, डीपी पटेल, आशुतोष शर्मा, अजय जाटव, साधु उपाध्याय ने भी कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार बहुत ही चलाकी से लुभाबने योजनाये लागू कर देती है वहीं रेल्वे का किराया हो अथवा बिजली का बिल इस सबको मनमाने तरीके से बढ़ा देती है जिले ब्लाको से आये योगेश सराफ, दीनदयाल पटेल, हटा नंदे चौरसिया, सौरभ ताम्रकार, पटेरा जबेरा से ओपी शर्मा, संतोष रजक, नोहटा अखिलेश सोनी जबेरा तेन्दूखेड़ा से नीलेश यादव तुला यादव खिल्लू ठाकुर, प्रदीप पटेल ने भी कहा कि विश्व मे जिस गांधी जी को पूजा जाता है उनको अनुशरण कर लोग अपनी दिशा और दशा बदल लेते है। उन्होनें जी राम जी योजना कर दी अब जनता ही इनकी जै राम जी करेगी। नगर के पार्षद पप्पू कसोटया, रमेश राठौर, राजा रौतेला, गोपाल मास्टर, अमर सींग, शैलेन्द्र सींग, अफजल खान, रफीक खान, मिक्की चंदेल सहित संजीव अहिरवार, मानक अहिरवार, एके चिश्ती, परम रजक, अनुज ठाकुर, रवि चौधरी, बाबू चौहान, गजराज सींग सहित सैकड़ो कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

## सांसद खेल महोत्सव के तहत कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित

दमोह। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी के नेतृत्व में आयोजित लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत लोकसभा स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 120 पहलवानों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता के दौरान पहलवानों ने दमखम और तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। अंत में विजेता एवं प्रतिभागी पहलवानों को सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और युवाओं को खेलों से जोड़ना है। इस अवसर पर सतीश तिवारी, महेश पटेल, संजय सेन, अमित बजाज, करण सिंह, भरत सिंह, विनीता सिंह कोलस्ते, श्यामा उरेंती, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, महेंद्र राठौर, डब्बू श्रीवास्तव, राजेंद्र चौरसिया, रमाकांत वाजपेई, कविता राय, कृष्णा पटेल, धीरेंद्र तिवारी, जय हजारी, वीरेंद्र सोनी, सृजन असाटी, अशोक पटेल सहित समस्त पीटीआई, कुश्ती प्रेमी एवं बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## क्रिकेट क्लब ने प्रो प्लेयर्स को रोमांचकारी मैच में दी करारी शिकस्त

दमोह। साइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल दमोह में प्राचार्य समीक्षा बजाज के मार्गदर्शन में विभिन्न खेल प्रतियोगिताऔ का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत दमोह के स्टेडियम मैदान पर सांइनिंग स्टार इंटरनेशनल क्रिकेट लीग का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 9 तक के भाग लिया इसमें पांच क्रिकेट टीम में शामिल हुई प्रतियोगिता के फाइनल मैच का मुकाबला साइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल फायर क्रिकेट क्लब और प्रो प्लेयर्स के मध्य खेला गया। जिसमें प्रो प्लेयर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी



करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया पारी की शुरुआत शोर्य जैन और मयन प्यासी ने कि जिसमें मयन प्यासी ने तीन गेंदों पर तीन शानदार चौके लगाए लेकिन अर्पण पटेल की बाहर जाती हुई गेंद के मारने के प्रयास में गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुई स्लिप में मोहम्मद अयान ने कैच पकड़कर पारी का अंत किया। निर्धारित 06 ओवरों में 65 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य सांइनिग स्टार इंटरनेशनल स्कूल दमोह फायर क्लब को दिया। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर साइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल दमोह फायर क्रिकेट क्लब ने खिताब जीतकर अपने नाम किया। फाइनल मैच के पुरस्कार वितरण की अध्यक्षता कर रहे दमोह विधायक अजय टंडन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि दमोह के खेल मैदान पर बहुत दिनों के बाद किसी स्कूल में छोटे छोटे क्रिकेट के खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मैच देखा मैच इतना रोमांचकारी था कि सांसें रूक रही थीं। मुख्य अतिथि दमोह नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा है कि खेल में किसी की जीत तो किसी की हार होती है लेकिन मैं जब इन बच्चों को क्रिकेट मैच खेलते हुए देख रहा था तो मुझे ऐसा महसूस हुआ कि शायद ये खिलाड़ी हमारे दमोह का भविष्य है। बतौर मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद एडवोकेट गिरिजा त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर राजेश पौराणिक, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजा राय, प्रोफेसर असलम खान की ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक नरेंद्र अरजरिया और साइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल दमोह की प्राचार्या समीक्षा बजाज ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्था के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का शिक्षण कार्य और खेलकूद कि गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

## दमोह में ताइक्वांडो बेल्ट परीक्षा का शानदार आयोजन

दमोह। दमोह में ताइक्वांडो के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन के रूप में बेल्ट परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कुल 43 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से येलो, ग्रीन, ब्लू और रेड बेल्ट की परीक्षा दी गई। कार्यक्रम में बच्चों ने अनुशासन, तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस परीक्षा में येलो बेल्ट, ग्रीन बेल्ट, ब्लू बेल्ट और रेड बेल्ट की परीक्षाएँ आयोजित की गईं। परीक्षा के दौरान बच्चों ने अपने प्रशिक्षण और मेहनत का प्रदर्शन किया, जिससे प्रशिक्षकों को उनके कौशल और अनुशासन का मूल्यांकन करने में आसानी हुई। येलो बेल्ट प्रतिभागी बच्चे- परी जैन, प्राची मोटवानी, एरिक अतिक्श हेनरी, अभ्युदय प्रताप सिंह, महिमा शर्मा, गौरव जैन, सक्षम गोस्वामी, सान्वी असाटी, वेद गुप्ता, अफीजा अंजुम, जेसिका सोडिया, आग्या जैन, आव्या जैन, अर्हत जैन, चैतन्य पटेल, मोहम्मद अर्श, मोहम्मद जीशान, अरिंजै जैन, भूमिका असाटी, प्रगति जैन, इवान एलनाथन कुमार, इयान कुमार, विनिता अहिरवार, रुद्रांजै जैन ग्रीन बेल्ट प्रतिभागी बच्चे- अथर्व सोनी, दिव्यम जैन, आर्य प्रताप सिंह, निशिका बजाज, भाविक जैन (बजाज), गौरी बरडिया, अवि चक्रवर्ती, अर्णव जैन, भाव्यांश जैन, ईशान जैन, जोएल वॉल्टर्स ब्लू बेल्ट प्रतिभागी बच्चे- प्रीति बाल्मिक, जियाना ए. वॉल्टर्स, पिहु जैन रेड बेल्ट प्रतिभागी निधि जैन, प्रवर पांडेय, अमोलिका जैन, विराट परिहार, निक्की अहिरवार। इस परीक्षा का आयोजन मनीष सर ने किया और परीक्षा को करण सर, दीपेश सर और लक्ष्य के सहयोग से सफल बनाया गया। उन्होंने बच्चों की तकनीक, फिटनेस, अनुशासन और नियमों के पालन को ध्यान में रखते हुए उन्हें मूल्यांकन किया। परीक्षा के दौरान बच्चों ने ताइक्वांडो की कुशलता, शक्ति, संतुलन और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और मेहनत के साथ अपनी बेल्ट परीक्षा दी। अभिभावकों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों ने आयोजन की सफलता पर खुशी व्यक्त की और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस तरह का आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास और खेल में रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरणास्पद साबित हुआ। सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके प्रयासों और उपलब्धियों के लिए बधाई दी गई। करन पटेल कमांडो फिजिकल अकादमी, गगन कन्नौज जिला खेल अधिकारी, दीपक मिश्रा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा भा.ज.पा., गौरव भट्ट, वसीम खान, किशान सिंह ठाकुर, पंकज जैन की मौजूदगी रहीं।

## अनाथ मोहिनी को नहीं मिला मुआवजा: अधिकारी दस्तावेजों की जगह मुंह जुबानी बातों के कारण दो वर्ष से लटकाये हैं प्रकरण

### नाना के साथ नाती कभी कलेक्टर तो कभी ठंड में एस डी एम कार्यालय के लगा रही चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व जिसको पहले नौरादेही अभ्यारण के नाम से जाना जाता था यह बाघों को बसाने के लिए कई ग्रामों का विस्थापन किया जा रहा है। किन्तु प्रकिया में जो जिम्मेदार कर्मचारी या अधिकार लगे हैं वह नियमों को अनदेखा करके मुंह बोली बातों पर विश्वास करके लोगों को पात्र और अपात्र कर रहे है । उनरीखेडा ग्राम इसका जीता जगता सबूत है। यह ऐसे व्यक्तियों को अपात्र कर दिया जिन्होंने आज से बीस वर्ष सरपंची चुनाव जीता और दो वर्ष पूर्व फिर चुनाव लड़ा अब एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें एक सोलह से सत्रह वर्ष की अनाथ बेटी मुआवजा पाने पिछले दो वर्षों से अधिकारियों के चक्कर लगा रही हैं किन्तु न उसे अपात्र होने का स्पष्ट रूप से कारण बताया जा रहा हैं पात्र किया जा रहा है।

### दूधिया से जुड़ा है मामला

ग्राम दूधिया वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की रेंज सर्रा के अधीन आने बाला रहवासी ग्राम था जिसके विस्थापन की प्रकिया वर्ष 2021-22 में सम्पन्न हुई थी । इस प्रकिया के तहत विकलांग मानसिक रूप से पीड़ित बच्चे और अनाथ बच्चों को एक इकाई की पात्रता देनी थी । मोहिनी भी उसी श्रेणी में आ रही है क्योंकि उसके पिता बेटी के जन्म के दो मानसिक बीमारी के शिकार हो गये थे । इसलिए परिवार के लोगों ने आपसी रजामंदी से मोहिनी की मा और उसके पिता की छोड़छुट्टी करवा दी थी उसके बाद मोहिनी और उसकी मां अपने नाना के घर दूधिया चली गई थी और पिता अचानक लापता हो गया था।

मोहिनी से अपनी पूरी पढ़ाई दूधिया ग्राम के शासकीय स्कूल से की थी वर्ष 2016 में मोहिनी के नाना ने उसकी मां की शादी आमचोपरा में कर दी थी और मोहिनी को खुद के घर रख लिया था बाद में डिलेवरी के दौरान 2018 में उसकी मां की मौत हो गई मोहिनी अनाथ हो गई।

जब दूधिया ग्राम के विस्थान की प्रकिया शुरू हुई तो मोहिनी की फाइल तो बनी किन्तु आज तक उसको मुआवजा नहीं मिला। उसके बाद से मोहिनी लगातार तेंदूखेड़ा एस डी एम कार्यालय तो कभी दमोह कलेक्टर तो कभी सागर के चक्कर लगा रही हैं किन्तु अनाथ बेटी को मुआवजा नहीं मिल पा रहा है । अधिकारी स्पष्ट रूप से जनाब भी नहीं दे रहे है कि किस कारण से उसको अपात्र किया गया है

### मेरे पास ही रही है मोहनी

मोहिनी के नाना राधे यादव ने बताया वह दूधिया ग्राम के निवासी हैं सोलह वर्ष से मोहिनी मेरे पास ही है उनके सगे पिता का पंद्रह साल से कोई पता नहीं है मा की मौत हो चुकी है । विस्थापन प्रकिया में मोहिनी पूरी तरह पात्र हैं क्योंकि न अब उनके पिता जीवित हैं न मा अनाथ है में अभिभावक के रूप में उसकी देखरेख करता हु पूरी पढ़ाई में मोहिनी ने दूधिया ग्राम से की है उसके बाद भी उसको मुआवजा पैकेज का लाभ नहीं दिया जा रहा न कोई अधिकारी स्पष्ट कारण बता रहे है। पूरे मामले में तेंदूखेड़ा एस डी एम सौरभ गंधर्व का कहना है प्रकरण की मुझे जानकारी है शायद खण्डस्तरीय समिति ने उसको अपात्र किया है आपके दुबारा जानकारी से अवगत कराया है में पुनः दस्तावेजों की जांच पड़ताल करवाता हूं।

## एटीएम बदलकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



पथरिया। थाना पथरिया पुलिस द्वारा ए.टी.एम. बदलकर पैसे निकालकर धोकाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने सफलता प्राप्त की है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 01.12.2025 को प्रार्थी बालमुकुन्द पटैल पिता महादेव प्रसाद पटैल उम्र 76 साल निवासी ग्राम सूखा हाल वार्ड नं. 04 पथरिया ने थाना पर उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि एसबीआई बैंक के बाजू में ए.टी.एम. से पैसा निकाल रहे थे जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा ए.टी.एम. कार्ड बदलकर खाते से 17000 रूपये निकाल कर धोकाधड़ी की है। रिपोर्ट पर अपराध क्र. 720/2025 धारा 318(4) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के निर्देशन में कार्य करते हुये घटनास्थल के आस पास के कैमरो के सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर अज्ञात कार के रजि. नंबर की पहचान की जाकर कार क्र. एचआर 15 एच 8638 के सबंध में विभिन्न माध्यम से जानकारी एकत्र की गई एवं अज्ञात आरोपियो की तलाश की गई। जो आरोपियो की रजिस्टर्ड कार नं. हरियाणा के रोहतक के ग्राम इंदरगढ़ का होना पाया गया पुलिस अधीक्षक महोदय से आरोपियो की तलाश पतारसी हेतु निर्देश प्राप्त कर पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एस.डी.ओ.पी. महोदय पथरिया के मार्गदर्शन मे एवं थाना प्रभारी निरी. अमित मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित की गई जो हरियाणा प्रांत में टीम को रवाना किया गया जो टीम द्वारा इंदरगढ़ पहुंचकर आस पास के क्षेत्रो मे उक्त गाड़ी मालिक व साथियो की पतारसी की गई।

हरियाणा में ग्राम इंदरगढ़ थाना लाखनमाजरा जिला रोहतक में उक्त घटना के सदस्यो मे से एक आरोपी रिंकू सहसी दस्तयाब हुआ जिससे पूछताछ किया जो आरोपी द्वारा घटना को कबूल कर बताया कि वह एवं उसके 02 अन्य साथी दास उर्फ चूचर सहसी निवासी ग्राम इंदरगढ़ एवं रवि सहसी निवासी कनाना द्वारा अलग-अलग जगहो पर जाकर अपने साथियो के साथ ए.टी.एम बदलकर खाते से रूपये निकालने जैसा अपराध करते है। दिनांक 01.12.2025 को हम लोगो ने मिलकर बालेनो कार क्र. एचआर 15 एच 8638 से पथरिया जिला दमोह म.प्र. आकर ए.टी.एम. कार्ड बदलकर 17000 रूपये निकालना बताया।

आरोपी रिंकू सहसी पिता बलवान सहसी को दिनांक 20.12.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पथरिया पेश किया गया है, अन्य शेष 02 आरोपियो की गिरफ्तारी शेष है। जिनकी तलाश पतारसी की जा रही है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी निरी. अमित मिश्रा थाना प्रभारी पथरिया, सउनि हरगोविंद पटैल, व आर.नवीन बैन, आर. संदीप कुर्मी, आर. अजय कुर्मी, सायबर सेल से प्र.आर. सौरभ टण्डन, प्र.आर. राकेश अठ्या, आर. मयंक दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।